SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
Class Notes

CLASS: 5 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- 2 चींटा-चूज़ा भाई-भाई, व्याकरण- 2. वर्ण- विचार

प्रश्न-१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से नोटबुक में लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए-

क) रोपना- खेत में बीज बोना
वाक्य- अच्छी फ़सल के लिए अच्छे बीज रोपने चाहिए।

ख) पौ फटना - सवेरा होना
वाक्य- पौ फटने से पहले हम गाँव में थे।

प्रश्न-३) खाली-स्थान भरिए-

क) <u>बिल्ली</u> को देखते ही चुहिया, चूज़े और बतख डर गए।
ख) <u>बारिश</u> होने पर सब पास के पेड़ के नीचे जा छिपे।
ग) गाँव का मुखिया <u>गैंडाराम</u> था।

प्रश्न-४) लघु उत्तरीय प्रश्न

क) पौ फटने पर क्या हुआ?

उत्तर- पौ फटते ही सूरज निकला, चिड़िया चहकीं और सुबह हो गई।

ख) उठते ही नन्हे चींटे ने क्या किया?

उत्तर- उठते ही नन्हे चींटे ने अपना हल उठाया और खेत की ओर चल दिया।

ग) दूसरे चूज़े ने चींटे से क्या सवाल किया?

उत्तर- दूसरे चूज़े ने चींटे से सवाल किया कि वह कहाँ जा रहा है।

घ) गाँव के मुखिया गैंडाराम ने दूसरे दिन क्या कहा?

उत्तर- गाँव के मुखिया गैंडाराम ने सभी को उनकी मेहनत के फल की प्राप्ति के लिए बधाई दी और सभी से मेहनत करने और मिलजुल कर काम करने की प्रतिज्ञा लेने को कहा।

प्रश्न-५) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

१) चूज़े क्यों लड़ रहे थे?

उत्तर- चूज़ों के पास कुछ काम नहीं था, वे समय काटने के लिए लड़ रहे थे, साथ ही यह भी तय किया जा रहा था कि कौन बड़ा है और कौन छोटा।

२) खेत पर किसने क्या काम किया?

उत्तर- चींटे ने हल खड़ा किया और चूज़े बैलों की जगह आ जुते, जिससे हल चलने लगा, बतख कुदाल से किनारे फोड़ने लगी। चुहिया ने डंडों से ढेले फोड़े।

३) फ़सल तैयार होने पर क्या किया गया?

उत्तर- फ़सल तैयार होने पर सबने मिलकर पूरा खेत काट डाला, उसी समय दौनी और असौनी की गई, जिससे अनाज का ढेर लग गया। बाद में उसे बोरों में बंद करके गाँव लाया गया।

४) अनाज के बोरों को देखकर गाँव के जानवरों की क्या प्रतिक्रिया थी?

उत्तर- अनाज के बोरे देखने के बाद जानवरों की भीड़ जमा हो गई। आलसी बिल्ली मौसी ने दाँतों तले उँगलियाँ दबा ली। कुत्ता, खरहा, लोमड़ी, हिरन और अन्य जानवर निपोड़-निपोड़कर थोड़ा अनाज माँगने लगे।

५) गाँव वालों ने मिलकर क्या प्रतिज्ञा ली?

उत्तर- सभी लोगों ने प्रतिज्ञा ली कि वे मिल-जुलकर काम करेंगे और गाँव को खुशहाल बनाएँगे। वे इतना अन्न पैदा करेंगे कि किसी को चोरी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

६) दूसरे चूज़े के सवाल का चींटे ने क्या जवाब दिया?

उत्तर- दूसरे चूज़े के सवाल पर चींटे ने कहा कि वह खेत पर जा रहा है और वही खेल-खेल में कुछ काम भी कर लेगा।

प्रश्न-६) किसने, किससे और क्यों कहा-

क) घर चलो और मेरी तरह टाँगे फैला कर सुख की नींद सोओ।

उत्तर- बिल्ली मौसी ने खेत पर मेहनत कर रहे सभी जानवरों से यह बात कही क्योंकि वह आलसी थी और मेहनत नहीं करना चाहती थी।

ख)इन लोगों ने हमारी आँखें खोल दी हैं।

उत्तर- यह बात गाँव के मुखिया गैंडाराम ने सभी जानवरों से कही क्योंकि वे छोटे जानवरों द्वारा की गई मेहनत से खुश थे और सभी को मेहनत करने का संदेश देना चाहते थे।

प्रश्न-७) गतिविधि-'एकता में बल है' विषय पर इंटरनेट की सहायता से एक कहानी नोटबुक में लिखिए।

व्याकरण पाठ-२ वर्ण-विचार

वर्ण- भाषा की सबसे छोटी इकाई, जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते, वर्ण कहलाती हैं।

वर्ण के दो भेद होते हैं- १) स्वर २) व्यंजन

१) स्वर- स्वरों का उच्चारण बिना किसी की सहायता से किया जाता है। स्वरों की संख्या ग्यारह होती हैं। जैसे- अ,आ,इ,ई,उ,ऊ,ऋ,ए,ऐ,ओ,औ।

अनुस्वार बिंदु- इसका उच्चारण नाक से होता है। जैसे-गंगा, बंदर आदि।

अनुनासिक-इसका उच्चारण नाक और गले दोनों से होता है। जैसे- आँख, चाँद आदि।

विसर्ग (:)- इसका उच्चारण ह की तरह होता है। जैसे- अतः, प्रातः आदि।

२) व्यंजन- व्यंजन का उच्चारण करते समय स्वर की सहायता लेनी पड़ती है। व्यंजन तैंतीस होते हैं। जैसे- क, ख,ग,घ---------श,ष,स,ह।

संयुक्त व्यंजन-एक से अधिक व्यंजनों के मेल से बने व्यंजन को संयुक्त व्यंजन कहते हैं। संयुक्त व्यंजन चार होते हैं- क्ष, त्र, ज्ञ,श्र।

द्वित्व व्यंजन- एक जैसे व्यंजनों से मिलकर बने व्यंजनों को द्वित्व व्यंजन कहते हैं।
जैसे- पक्का, कच्चा आदि।

संयुक्ताक्षर- जब स्वर रहित व्यंजन का अपने से अलग स्वर सहित व्यंजन से मेल होता है, तब वह संयुक्त अक्षर कहलाता है। जैसे-अस्त, विद्या आदि।

वर्ण-विच्छेद- किसी शब्द के वर्णों को अलग करना ही वर्ण विच्छेद कहलाता है।
जैसे- नीला- न्+ई+ल्+आ

प्रश्न-१) दिए गए वाक्यों में सही या गलत का निशान लगाइए-

१) स्वर दस होते हैं। (   )
२) संयुक्त व्यंजन चार होते हैं। (   )
३) व्यंजन का उच्चारण बिना किसी की सहायता से होता है। (   )

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए-

१) चश्मा- च+क+श्+म्+आ
२) जानवर- ज्+आ+न्+अ+व्+अ+र्+क

प्रश्न-३) दिए गए संयुक्त व्यंजनों से दो-दो शब्द बनाइए-

१) क्ष- <u>कक्षा</u> , <u>परीक्षा</u>
२) ज्ञ- <u>ज्ञान</u> , <u>विज्ञान</u>